हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 1 जून 2026

तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

12 मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्र निर्माण की संकल्प के साथ सुनी ...



11 इसरो के युविका कार्यक्रम से लौटने पर...





## खबर संक्षेप

### आराम कर रहा था युवक चोर ले उड़े मोटरसाइकिल

**बालोद।** तबीयत खराब होने पर मोटर सायकल खड़ी कर आराम कर रहे युवक का मोटर सायकल गायब हो गया। जिसके बाद पीड़ित युवक ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्र 15 शहिद चौक दल्ली राजहरा निवासी पुरेन्द्र ने पुलिस को बताया कि दल्ली से मोटर्स मे काम करने आ रहा था तभी अचानक तबीयत खराब होने से कामता मोड़ चौक में बरगद पेड़ के पास मोटर सायकल सीजी 25 एच 8203 को चाबी सहित खड़े कर पेड़ के नीचे आराम कर रहा था करीबन 1 घण्टा अराम करने बाद उठ कर देखा तो मोटर सायकल नहीं था आस पास खोजने पर वाहन का पता नही चल पाया।

### खेत से 350 मीटर केबल वायर चोरी

**बालोद।** खेत में मोटर पंप के लिए लगे केबल वायर को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। जिसके बाद पीड़ित किसान ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम बंजारी पुलिस चौकी संजारी निवासी हेमलाल अमला ने पुलिस को बताया कि मेरा बंजारी खार में 02 एकड़ खेत है जिसमें सब्जी लगाया था जिसमें पानी सिचाई हेतु खरखरा जलाशय से लगा हुआ बड़ा तालाब में 3 एच पी का मोटर पंप डाला हुआ हूं। जिसे मैं सब्जी व धान फसल उगाता हूं। मेरे खेत से लगभग 350 मीटर की दुरी पर बिजली लाईन का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है जहां से केबल वायर मोटर तक गया है कि 2 मई के रात्रि 10 बजे खेत गया तो मोटर पंप चल रहा था केबल वायर लगा हुआ था। 25 मई के सुबह 06 बजे खेत गया तो करीबन 350 मीटर केबल वायर किमती 30,000 रू. नहीं था कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया।

### महिला कर्मचारियों के पर्स से नकदी चोरी, मामला दर्ज

**बालोद।** युवक ने अस्पताल में घूसकर वहां के महिला कर्मचारियो के पर्स में रखे पैसो की चोरी कर ली। जिसके बाद अस्पताल संचालक द्वारा उक्त युवक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305, 331(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। डॉक्टर राहुल कुमार अग्रवाल किलकारी अस्पताल सदर रोड बालोद ने पुलिस को बताया कि 29 मई को दोपहर हर्षु रगडे निवासी खाल्हे पारा बालोद हमारे अस्पताल के अंदर लेबर रूम में प्रवेश कर चोरी करने का प्रयास किया, जहां कुछ नही मिलने से स्टाफ रूम में प्रवेश कर स्टाफ नर्सों के रखे बैग में जिसमें वाणएँ पाटिल बैग से 1350 रूपये, गितिका सोनकर के बैग से 150 रूपये, खिलेश्वरी के बैग से 350 रूपए एवं धनेश्वरी के बैग से 200 रूपये कुल 2050 रूपये चोरी कर भाग गया।

### शुलभ शौचालय के पास खड़ी मोटरसाइकिल चोरी

**बालोद।** अत्याधिक नशे के कारण शुलभ शौचालय में मोटर सायकल खड़ी कर सोने वाले व्यक्ति के मोटर सायकल को अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303(2) के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम चिचबोड थाना रनचिरई निवासी प्रेमदास गेण्ड्रे ने पुलिस को बताया कि शराब दुकान गुण्डरदेही में शराब पीकर रात्रि करीबन 09 बजे अत्यधिक नशा होने से शराब दुकान वाले रोड सुलभ शौचालय गुण्डरदेही के पास अपनी मोटर सायकल सीजी 24 डब्लू 5224 कीमती करीबन 40,000 रूपये को खडी कर सो गया था। सुबह उठकर देखा तो मेरा मोटर सायकल नहीं था। जिसका आस पास पता तलाश किया पता नहीं चला। जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था।

# दल्लीराजहरा में भालुओं की बढ़ती आवाजाही से दहशत, वन मंडलाधिकारी ने किया निरीक्षण

## वन्यजीवों के शहर की ओर रुख से बढ़ी सुरक्षा चिंताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

शहर के वार्ड क्रमांक 2 और वार्ड क्रमांक 12 के पीछे स्थित चिखली मार्ग क्षेत्र में लगातार जंगली भालुओं की आवाजाही से आम नागरिकों में भय और चिंता का माहौल व्याप्त है। बीते कई दिनों से भालुओं के शहर की सीमा तक पहुंचने और आबादी वाले क्षेत्रों के आसपास घूमने की घटनाएं सामने आ रही हैं।

स्थिति को गंभीर मानते हुए जिला वन मंडलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल स्वयं दल्लीराजहरा दल बल सहित पहुंचे और प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 2 स्थित तालाब क्षेत्र, शिव मंदिर परिसर, रेलवे पटरी के आसपास तथा खदानों से निकली मिट्टी और अवशेषों से बनाए गए कृत्रिम पहाड़ी क्षेत्रों का जायजा लिया गया। वन विभाग ने पाया कि कई स्थानों पर पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध, प्रकाश व्यवस्था और वन्यजीवों को आबादी क्षेत्र में प्रवेश से रोकने के उपाय नहीं किए गए हैं, जिससे जंगली भालुओं का शहर की ओर रुख बढ़ रहा है। यह केवल भालुओं के शहर में आने का मामला नहीं है, बल्कि यह पर्यावरणीय असंतुलन का परिणाम है। वर्षों से खदान प्रभावित क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण की अनदेखी की जा रही है। कृत्रिम पहाड़ बनाकर छोड़ दिए गए हैं, लेकिन वहां बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण नहीं किया गया। जंगल और प्राकृतिक आवास सिकुड़ते जा रहे हैं, जिसके कारण वन्यजीव आबादी वाले क्षेत्रों की ▶▶| शेष पेज 11 पर



### नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह

जिला वन मंडलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने तत्काल बीएसपी के अधिकारियों को बुलाकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान प्रभावित क्षेत्रों में कंटीले तार लगाने, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने, वन्यजीवों के आवागमन वाले मार्गों की पहचान करने तथा आबादी क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए गए। साथ ही नागरिकों को भी सतर्क रहने और भालू दिखाई देने पर तत्काल वन विभाग को सूचना देने की अपील की गई। स्थानीय लोगों और पर्यावरण प्रेमियों का आरोप है कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा खदान प्रभावित क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण और हरित पट्टी विकसित करने की दिशा में गंभीर प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। खदानों के आसपास बनाए गए कृत्रिम पहाड़ वर्षों बाद भी बंजर पड़े हैं। वहां पर्याप्त वृक्षारोपण नहीं होने के कारण वन्यजीवों का प्राकृतिक आवास प्रभावित हुआ है और भोजन तथा सुरक्षित ठिकानों की तलाश में भालू अब शहर की ओर बढ़ रहे हैं।

## पंचायत उपचुनाव : पांचों विकासखंडों में उपचुनाव प्रक्रिया जारी

# बालोद जिले में 32 पंच और 2 सरपंच निर्विरोध निर्वाचित, आज होगा शेष पदों के लिए मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद जिले में त्रिस्तरीय पंचायत उप–निर्वाचन 2026 अंतर्गत 32 पंच और 2 सरपंच निर्विरोध चुने गए है। अब केवल 8 पंच और 3 सरपंच पदों के लिए 01 जून को मतदान होगा। उल्लेखनीय है कि त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 अंतर्गत विकासखंड गुण्डरदेही में ग्राम पंचायत देवरी ख, मचौद, सांकरी, परना में 04 पंच पद एवं 01 सरपंच पद हेतु ग्राम पंचायत हल्दी में निर्वाचन किया जाएगा।




इसी तरह विकासखण्ड डौण्डीलोहारा में ग्राम पंचायत कापसी के वार्ड क्र. 05 में एवं ग्राम पंचायत टटेंगा में वार्ड क्र. 03, 10 एवं 12 में चार पंच पद निर्वाचन किया जाना है। इसके साथ ही ग्राम पंचायत टटेंगा में 01 सरपंच पद एवं ग्राम पंचायत करेंगांव में 01 सरपंच पद का निर्वाचन किया जाएगा। इसी तरह निर्विरोध अभ्यर्थियों के अंतर्गत विकासखण्ड बालोद में 03 पंच पद हेतु ग्राम पंचायत हथौद, डेंगरापार, लाटाबोड में निर्वाचन निर्विरोध चुने गए। इसी तरह विकासखण्ड गुरूर में 04 पंच पद हेतु ग्राम पंचायत कंवर, धनेली, कोलिहामार, बालोदगहन में निर्वाचन निर्विरोध एवं 01 सरपंच पद हेतु ग्राम पंचायत डढारी में नाम निर्देशन पत्र अप्राप्त हुआ है। इसी तरह विकास खण्ड गुण्डरदेही में 08 पंच पद हेतु ग्राम पंचायत डूडिया, बोरगहन अ, हल्दी, कसौंदा साजा, जेवरतला, बोरगहन फ, खपरी ब. एवं 02 सरपंच पद हेतु ग्राम पंचायत सियनगरा, साजा, में निर्विरोध चुने गए। इसी तरह विकासखण्ड डौण्डीलोहारा 15 पंच पद हेतु ग्राम पंचायत टटेंगा में वार्ड क्र. 01,02,04,05,06, 07,08,09 एवं 11 तथा ग्राम पंचायत कोरगुडा, करेंगांव, डेंगरापार, भडेरा, बैहाकुआ, कसही लो. में निर्वाचन निर्विरोध हुआ है। इसी तरह विकासखण्ड डौण्डी में 02 पंच पद हेतु ग्राम पंचायत ठेमाबुजूर्ग एवं अवारी में निर्वाचन निर्विरोध हुआ है। इस तरह बालोद जिले के अंतर्गत 05 विकास खण्डों में 40 पंच पद का निर्वाचन किया जाना था जिसमें 32 पंच पद निर्विरोध तथा 08 पंच पद का निर्वाचन किया जाना है।

बालोद जिले के अंतर्गत 05 विकास खण्डों में 06 सरपंच पद का निर्वाचन किया जाना था, जिसमें 02 सरपंच पद निर्विरोध तथा 01 सरपंच पद का नाम निर्देशन पत्र अप्राप्त तथा 03 सरपंच पद का निर्वाचन किया जाएगा।



### पलारी नपं चुनाव : महिला मतदान दलों के हवाले मतदान की जिम्मेदारी, मतदान सामग्री लेकर रवाना हुए दल

**बालोद।** जिले के नगर पंचायत पलारी में नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 के तहत अध्यक्ष और 15 पार्षदों के चुनाव के लिए आज पलारी के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से मतदान दलों को मतदान सामग्री प्रदान कर मतदान केंद्रों के लिए सफलतापूर्वक रवाना कर दिया गया है। नगर पंचायत पलारी में 01 जून को मतदान संपन्न कराने की कमान पूरी तरह से महिला मतदान कर्मियों के हाथों में सौंपी गई है। इस अवसर पर रिटर्निंग ऑफिसर राम कुमार सोनकर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर हनुमंत सिंह श्याम और गिरीश साहू सहित मास्टर ट्रेनर्स मौजूद थे। निर्वाचन को निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए नगर पंचायत के सभी 15 वार्डों में 15 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। खास बात यह है कि सभी केंद्रों के लिए पीठासीन अधिकारी से लेकर मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2 और 3 के पदों पर केवल महिला अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। चुनाव कार्य के लिए कुल 15 मुख्य मतदान दल गठित किए गए हैं, जबकि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए 3 अतिरिक्त (रिजर्व) मतदान दलों को भी तैयार रखा नगर पंचायत पलारी में 01 जून को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान सम्पन्न होगा। पलारी नगर पंचायत में इस बार कुल 3,766 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। ▶▶| शेष पेज 11 पर

## रेलवे कॉलोनी में दिनदहाड़े चोरी

# दो लाख रुपए से अधिक के जेवरात लेकर फरार हुए चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

रेल्वे कर्मचारी के घर से अज्ञात चोरो ने दो लाख रूपये से अधिक की चोरी कर ली। जिसके बाद पीड़ित महिला द्वारा अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई, जहां पुलिस ने धारा 305, 331(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



रेल्वे में पाईंट मेन बी के पद पर कार्यरत रेल्वे कालोनी बालोद निवासी रेखा देवहारी ने पुलिस को बताया कि 28 मई को मैं अपनी ड्यूटी के लिये सुबह करीब 08 बजे घर से निकल गई थी और मेरे पति चन्द्रकांत देवहारी घर पर ही थे कुछ देर बाद करीब 11 बजे मेरे पति अपनी दीदी हुपेश्वरी साहू जो आमापारा में रहती उनके घर चले गये थे मैं रेल्वे स्टेशन बालोद में अपनी ड्यूटी पर थी उसी समय करीबन 12:30 बजे बिजली मिस्त्री स्टेशन में आये थे उनसे बिजली रिपेयरिंग कराने के लिये अपने क्वार्टर साथ लेकर आई थी और सामने के गेट से अंदर गयी तो देखी कि बेडरूम के दरवाजा में लगा ताला नहीं था दरवाजा खुला हुआ था अंदर बेडरूम की आलमारी व आलमारी का लॉकर खुला हुआ था लॉकर की चाबी बेड पर पड़ी थी और लॉकर में रखा एक प्लास्टिक का डिब्बा जिसमें सोने चांदी के जेवरात रखे थे। तब घर में चोरी होने की पूर्ण संभावना होने पर मैंने अपने पति को फोन कर बतायी कि घर में चोरी हो गया है। तब कुछ देर में मेरे पति घर आये और आस पास पता किये। तब थाना बालोद पुलिस को सूचना दिये कुछ देर बाद थाना बालोद पुलिस टीम व डॉग स्काड टीम हमारे घर पहुंचकर बारीकी से निरीक्षण करने के बाद मैं एवं मेरे पति ने कमरे में रखे सामान को चेक करने पर आलमारी के लॉकर में रखे एक नग सोने का मंगलसूत्र जिसमें 6 नग गेहूदाना लगा हुआ वजनी करीब 08 ग्राम कीमती करीबन 1,01,000 रूपये, एक जोड़ी सोने की झुमकी वजनी करीब 06 ग्राम कीमती करीबन 85,000 रूपये, एक जोड़ी चांदी का पायल वजनी करीब 06 तोला कीमती करीबन 24,000 रूपये, दो नग चांदी की अंगुठी वजनी करीब 02 तोला कीमती करीबन 2,000 रूपये का नहीं था। 28 मई के 11 बजे से 12:45 के मध्य कोई अज्ञात चोर द्वारा क्वार्टर के पीछे का दिवाल को फांदकर अंदर प्रवेश कर बेडरूम के दरवाजा में लगे ताला को तोड़कर आलमारी व लॉकर को खोलकर सोने– चांदी के सामान (जेवरात) को चोरी कर ले गया है।

## सुकड़ी गुहान में गहराया पेयजल संकट

# नाला खोदकर पानी पीने को मजबूर 60 आदिवासी परिवार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डी

आदिवासी विकासखंड मुख्यालय डौण्डी अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंघोला के आश्रित ग्राम सुकड़ी गुहान में भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट गंभीर रूप धारण कर चुका है। गांव में निवासरत लगभग 60 आदिवासी परिवारों के करीब 250 महिला, पुरुष और बच्चे पीने के पानी तथा निस्तारी जल के लिए भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं।

गांव में लगे अधिकांश हैंडपंप सूख चुके हैं, जिससे ग्रामीणों के सामने जल संकट और गहरा गया है। सूखे हैंडपंपों के पास रखे खाली बर्तन ग्रामीणों की परेशानी को बयां कर रहे हैं। गांव के तालाब और डबरियां भी सूख चुकी हैं, जिसके कारण लोगों को पानी की एक-एक बूंद के लिए भटकना पड़ रहा है।

ग्रामीण सावित्री नेताम, पार्वती नेताम, चुनाबती नेताम, तुलाराम मंडावी, अकालूराम नेताम, इतवारी सोरी, बिरजूराम नेताम और कृपाराम मंडावी ने बताया कि वे पिछले लगभग 30 वर्षों से इस बसाहट में निवास कर रहे हैं और तब से लगातार जल संकट से जूझ रहे हैं। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा समय-समय पर पेयजल व्यवस्था सुधारने के प्रयास किए गए, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया।



- भीष्म गर्मी में पानी के लिए तरसे सुकड़ी गुहान के 60 आदिवासी परिवार

टंकी है, लेकिन नहीं भर पाता पानी ग्रामीणों के अनुसार शासन की ओर से गांव के दो स्थानों पर पानी सप्लाई के लिए टंकियां स्थापित की गई हैं और गलियों में स्टैंड पोस्ट के माध्यम से पानी पहुंचाने की व्यवस्था भी बनाई गई है। लेकिन भूजल स्तर लगातार नीचे जाने के कारण टंकियां पूरी तरह नहीं भर पातीं। परिणामस्वरूप नलों में पर्याप्त पानी नहीं आता और लोगों को मुश्किल से एक-दो घड़े पानी ही मिल पाता है। पानी की कमी के कारण कई ▶▶| शेष पेज 11 पर

# चाकू की नोक पर 25 हजार की लूट करने वाला एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

25 हजार की लूटपाट के घटना में पीड़ित व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें चाकू की नोक पर लूटपाट करने वाले चोर का नामजद रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।

जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 127(2), 296, 3(5), 309(6), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम रेंगनी निवासी डोमेश्वर पटेल ने पुलिस को बताया कि आस– पास के ग्रामों में फेरी लगाकर एवं साप्ताहिक बाजार में जाकर सब्जी बेचने का काम करता हूं। 30 मई को रोजाना की तरह सुबह 09:30 बजे अपने मोटर सायकल में सब्जी खरीदने के लिये नगदी 25,000 रूपये लेकर सब्जी मण्डी बुधवारी बाजार बालोद आया था मण्डी में सब्जी खरीदते समय करीबन 09:45 बजे बाथरूम करने मण्डी के शुलभ शौचालय में बने बाथरूम कमरे में गया तभी मेरे पीछे पीछे 02 लड़के जिसमें एक लड़का कम हाईट का गोरा चेकदार शर्ट पहना हुआ एवं दूसरा लड़का लम्बा हट्टा– कट्टा पीले रंग का हाफ टी–शर्ट एवं चड्डा पहना हुआ बाथरूम अंदर घुसकर ▶▶| शेष पेज 11 पर

# खरीफ सीजन में खाद संकट गहराया डीएपी-यूरिया की कमी से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ ही दुर्ग जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में खाद की कमी किसानों के लिए बड़ी समस्या बन गई है। धान की खेती की तैयारी कर रहे किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीएपी और यूरिया खाद नहीं मिल पा रही है। जिले में अभी तक खाद का वितरण पूरी तरह नहीं हो पाया है, जिससे किसानों की चिंता लगातार बढ़ रही है।

किसानों का आरोप है कि खाद की कमी का फायदा उठाकर कुछ जगहों पर कालाबाजारी की जा रही है। बताया जा रहा है कि डीएपी खाद 2000 रुपये तक और यूरिया 550 रुपये तक बेचे जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। निर्धारित दर से अधिक कीमत वसूले जाने से किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। धान उत्पादक क्षेत्र होने के कारण इस समय किसानों को खाद की सबसे अधिक आवश्यकता है। समय पर खाद नहीं मिलने से खेती की तैयारी प्रभावित हो रही है और आगामी फसल उत्पादन पर भी असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों ने प्रशासन और कृषि विभाग से खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कड़ी ▶▶| शेष पेज 11 पर



## 62 वर्षों की गौरवशाली विरासत, अब संवर्धन और संरक्षण की दरकार

# खरखरा जलाशय की उपेक्षा, पर्यटन की अपार संभावना फिर भी नहीं मिल रही पहचान

हरिभूमि न्यूज:डौंडीलोहारा

वर्ष 1964 में निर्मित खरखरा जलाशय केवल एक सिंचाई परियोजना नहीं, बल्कि क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहर और प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत संगम है। मिट्टी से निर्मित यह विशाल जलाशय अपने भीतर विकास, संघर्ष और सुनहरी यादों का एक लंबा इतिहास समेटे हुए है। आज जहां यह जलाशय अपनी प्राकृतिक छटा से लोगों को आकर्षित करता है, वहीं उपेक्षा और अव्यवस्थाओं के कारण इसके गौरवशाली अतीत की चमक धीरे-धीरे धूमिल होती नजर आ रही है।

स्थानीय बुजुर्ग बताते हैं कि जलाशय निर्माण के दौरान यहां हजारों मजदूरों और कर्मचारियों की बसाहट थी। एक सुव्यवस्थित बस्ती विकसित की गई थी, जिसमें स्कूल, अस्पताल तथा दैनिक जीवन की सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध थीं। उस दौर में बने आवासों की गुणवत्ता इतनी उत्कृष्ट थी कि आज भी लोग उनकी मजबूती और निर्माण शैली को याद करते हैं। खरखरा जलाशय परिसर में स्थित निरीक्षण गृह (रेस्ट हाउस) भी अपनी विशिष्ट वास्तुकला और सुविधाओं के लिए प्रसिद्ध रहा है। वर्ष 1962 में निर्मित इस भवन में उस समय आधुनिक सुविधाओं से युक्त कमरे, आकर्षक परिसर और उत्कृष्ट व्यवस्थाएं थीं, जो प्रदेश के विभिन्न हिस्सों तथा बड़े शहरों से आने वाले पर्यटकों को आकर्षित करती थीं। बाद में पर्यटन विकास की दृष्टि से इसका नवीनीकरण किया गया और कमरों में वातानुकूलित सहित कई आधुनिक सुविधाएं जोड़ी गईं। लेकिन वर्तमान स्थिति चिंताजनक है। पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था और रखरखाव के अभाव में भवन के एसी, दरवाजे, खिड़कियां, अलमारियां तथा अन्य मूल्यवान सामग्री चोरी अथवा क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। कभी पर्यटकों की पसंदीदा जगह रहा यह परिसर आज वीरान दिखाई देता है। नियमित निगरानी, चौकीदार और आवश्यक कर्मचारियों की अनुपस्थिति ने स्थिति को और बिगाड़ दिया है। प्राकृतिक सौंदर्य की दृष्टि से खरखरा जलाशय जिले ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ की महत्वपूर्ण धरोहर माना जाता है। जलाशय के बीच बने प्राकृतिक टापू, शांत जलराशि, प्रवासी और जलचर पक्षियों की मौजूदगी तथा शीतकाल में छाने वाला घना कोहरा यहां के वातावरण को अत्यंत मनमोहक बना देता है। डौंडीलोहारा नगर से मात्र आठ किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह स्थल प्रकृति प्रेमियों और पर्यटकों के लिए किसी स्वर्ग से कम नहीं है। पर्यटन विशेषज्ञों और स्थानीय नागरिकों का मानना है कि यदि यहां सड़क, पेयजल, सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था और ठहरने की समुचित सुविधाएं विकसित की जाएं तो खरखरा जलाशय क्षेत्र के ▶▶| शेष पेज 11 पर



## खबर संक्षेप

### युवक पर सब्बल से हमला दी जान से मारने की धमकी, आरोपी हुआ फरार

**कांकेर।** कोदाभाट गांव में शनिवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक युवक घर में घुसकर लोहे के सब्बल से हमला कर फरार हो गया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पीड़ित परिवार में दहशत का माहौल है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कोदाभाट निवासी 47 वर्षीय अरूण प्रधान थाना कांकेर में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि शनिवार सुबह करीब साढ़े 6 बजे वह अपने परिवार के साथ घर के पीछे स्थित बाड़ी में था। इसी दौरान घर के अंदर से अचानक चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर वह तत्काल घर के भीतर पहुंचा तो देखा कि गांव का ही अनिकेत नेताम पिता जीवन नेताम मेरे छोटे भाई कामता प्रसाद प्रधान पर लोहे के सब्बल से हमला कर रहा था।

### जिलास्तरीय कार्यशाला 1 व 2 जून को

**धमतरी।** निजी विद्यालय प्रबंधक कल्याण संघ द्वारा 1 एवं 2 जून को मिलेनियम स्कूल में दो दिवसीय जिलास्तरीय कार्यशाला उत्तरदायित्व 2026 का आयोजन प्रातः 9 बजे किया गया है। कार्यशाला में शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 : आज होगा मतदान

**धमतरी।** त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 के तहत आगामी 1 जून को मतदान होगा। श्रम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक शासकीय एवं निजी संस्थानों, कारखानों में 1 जून को उप निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत कार्यरत श्रमिकों, कर्मचारियों के लिए अवकाश घोषित किया गया है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम के तहत आने वाले कारखानों, स्थापनाओं में कार्यरत उन श्रमिक, कर्मचारियों के लिए मतदान के दिन 1 जून को राज्य शासन द्वारा संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में अवकाश घोषित किया गया है। ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के दिन 2-2 घंटे का अवकाश घोषित किया गया और जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के तहत आते हैं, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान की सुविधा दी जाएगी।

### लड़ेर में श्रीमद् भागवत कथा आज से

**मगरलोड।** ग्राम लड़ेर में निषाद परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह का आयोजन 1 से 7 जून तक किया गया है। कथावाचक महामंडलेश्वर महंत गोवर्धन शरण व्यास सिरकट्टी आश्रम कुटेना पांडुका होंगे। जून को सुबह 11 बजे कलश यात्रा, दोपहर 2 बजे गौकर्ण कथा, वराह अवतार, 2 जून को ध्रुव चरित्र, वामन अवतार, नरसिंह अवतार, 3 जून को श्रीराम अवतार, श्रीकृष्ण अवतार कथा, 4 जून को नंद उत्सव, बाल लीला , माखन चोरी कथा, 5 जून को गिरिराज कथा, रासलीला, 6 जून को रूक्मणि मंगल कथा, 7 जून को गीता हवन, पूर्णाहुति, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, शोभायात्रा होगी। कथा सुबह 10 बजे से 1 बजे तक तथा दोपहर 3 बजे से शाम तक होगी।

# जिले में खाद-बीज का पर्याप्त भंडारण, कालाबाजारी रोकने निगरानी दल सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराने के लिए व्यापक एवं सुव्यवस्थित तैयारियां की गई हैं। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले में उर्वरक एवं बीज के भंडारण, वितरण और निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है, ताकि किसानों को खेती-किसानी के महत्वपूर्ण समय में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

वर्तमान में जिले की 96 सहकारी समितियों में 7,313 क्विंटल बीज का भंडारण किया जा चुका है, जबकि सहकारी एवं निजी क्षेत्र में कुल 28,241 मीट्रिक टन उर्वरक किसानों के वितरण हेतु उपलब्ध है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यूरिया, डीएपी सहित अन्य आवश्यक उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक जिले में मौजूद है तथा किसानों की मांग के अनुरूप निरंतर आपूर्ति की जा रही है।




## किसानों को समय पर उपलब्ध होगा उर्वरक : कलेक्टर

### अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई



कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि खाद-बीज वितरण व्यवस्था में पूर्ण पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। इसी क्रम में सहकारी समितियों तथा निजी उर्वरक विक्रय केंद्रों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। उर्वरकों एवं बीज की कालाबाजारी, जमाखोरी तथा नकली उत्पादों की बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला स्तर पर विशेष जांच दल (उड़नदस्ता) गठित किए गए हैं, जो सतत निरीक्षण कर रहे हैं। अनियमितता पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों एवं संस्थानों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

### किसानों के हितों की रक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि कृषि जिले की अर्थव्यवस्था की आधारशिला है और किसानों की सुविधा एवं हितों की रक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज उपलब्ध कराने, पारदर्शी वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है।

इनट्यूशन प्रशिक्षण में बच्चों का अनोखा प्रदर्शन, पालक और दर्शक हुए आश्चर्यचकित

# आंखों पर पट्टी बांधकर पढ़े लिखे बच्चे, चित्रों में रंग भी भरे





हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

दि आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा डिज़ाइन किए गए इनट्यूशन (प्रज्ञा योग) कार्यक्रम का आयोजन 29 से 31 मई तक भखारा में किया गया। प्रतिदिन दो घंटे संचालित इस विशेष प्रशिक्षण में बच्चों ने आंखों पर पट्टी बांधकर पढ़ना-लिखना, चित्रों में रंग भरना, छिपी हुई वस्तुओं को ढूंढ निकालना जैसी अनेक गतिविधियों का प्रदर्शन कर लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया।

कार्यक्रम के प्रशिक्षक तामेश्वर साहू एवं गीतालक्ष्मी साहू ने बताया कि इनट्यूशन अर्थात प्रज्ञा योग छठवीं इंद्रिय के जागरण का विज्ञान है। ज्ञान हमें इंद्रियों, बुद्धि और प्रज्ञा से प्राप्त होता है। प्रज्ञा चेतना के स्तर से आने वाला ज्ञान है, जिसके माध्यम से सही समय पर सही विचार प्राप्त होते हैं। इस तकनीक के नियमित अभ्यास से बच्चों की स्मरण शक्ति, निर्णय क्षमता, आत्मविश्वास तथा अध्ययन में रुचि बढ़ती है। अनावश्यक भय दूर होता है और बच्चों की छिपी हुई प्रतिभाएं निखरकर सामने आती हैं। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा किए गए प्रदर्शन ने पालकों को अत्यंत प्रभावित किया।

इस आयोजन में हरख जैन, डॉ. संतोष साहू, हिरेन्द्र साहू, बसंत बैस, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांति सेंटर की बीके करुणा का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। पालकों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे प्रशिक्षण अत्यंत उपयोगी हैं तथा अच्छे नागरिक निर्माण में परिवार और समाज की संयुक्त जिम्मेदारी है।

### छिपी प्रतिभाओं को पहचानने का अनूठा प्रयास

हरख जैन ने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए ऐसे कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक है। बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें सही मंच देने का यह एक अनूठा प्रयास है। बीके करुणा ने कहा कि हर बच्चा अपने भीतर दिव्य शक्तियों और विशेष गुणों का भंडार लेकर आता है। आध्यात्मिकता, ध्यान और सकारात्मक संस्कारों के माध्यम से इन गुणों का विकास किया जा सकता है। बच्चों के उज्ज्वल एवं संस्कारवान भविष्य के लिए ऐसे प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक हैं।

## शिक्षक हवलदार थलेंद्र कुमार का आज सम्मान

- 15 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के बाद घर लौट रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र थलेंद्र कुमार साहू भारतीय थलसेना के सेना शिक्षा कोर में शिक्षक हवलदार के पद पर 15 वर्ष 8 माह की सेवा पूर्ण करने के बाद 1 जून को सेवानिवृत्त होकर अपने गृह ग्राम लौट रहे हैं। उनके आगमन पर परिजनों एवं पूर्व सैनिकों द्वारा स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया है।



1 जून को प्रातः 7 बजे रायपुर रेलवे स्टेशन में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पूर्व सैनिकों एवं परिजनों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया जाएगा। इसके पश्चात कार्डिनल वॉरियर स्कूल, निमोरा (रायपुर) में सम्मान कार्यक्रम आयोजित होगा।

शाम 5 बजे कचना बस स्टैंड से उनके निज निवास नवागांव तक बाइक रैली निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, युवा एवं क्षेत्रवासी शामिल होकर सैनिक सम्मान का संदेश देंगे। उल्लेखनीय है कि थलेंद्र कुमार साहू, सेवानिवृत्त व्याख्याता शत्रुहन लाल साहू के पुत्र हैं तथा पूर्व सैनिक योगेश साहू (शिक्षक) के छोटे भाई हैं।

## रोटरी क्लब ने पुलिस की पाठशाला पुस्तकालय को भेंट की पुस्तकें



**धमतरी।** रोटरी क्लब धमतरी ने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए पुलिस की पाठशाला निःशुल्क पुस्तकालय के उद्घाटन अवसर पर विभिन्न विषयों की उपयोगी पुस्तकें दानस्वरूप भेंट कीं। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं पाठकों में अध्ययन की रुचि बढ़ाना तथा उन्हें ज्ञानवर्धक सामग्री उपलब्ध कराना है।

# मनरेगा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मजदूरों का हुआ सम्मान

- जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी ने 60 मजदूरों को बांटे प्लास्टिक धमेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



मोर गांव-मोर पानी, मोर तरिया-आय के जरिया अभियान के तहत जनपद पंचायत कुरूद क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना से तालाब निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इससे ग्रामीणों को रोजगार मिलने के साथ-साथ गांवों में स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण भी हो रहा है।

इसी कड़ी में ग्राम पंचायत इर्रा में नए तालाब निर्माण के लिए मनरेगा के तहत 17 लाख 56 हजार रुपये की स्वीकृति मिली है। तालाब निर्माण कार्य में बड़ी संख्या में ग्रामीण मजदूर जुटे हुए हैं। पंचायत द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में जनपद पंचायत अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने निर्माण कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 60 मजदूरों को प्लास्टिक का धमेला भेंट कर सम्मानित किया। सम्मानित श्रमिकों में राजेश बर्मन, गोपाल, उषा, रामकुमार, शारदा, संतोषी, रामेश्वर, छबिलाल, अरुण, कल्याणी, हिमाचल, हेमकुमार, गुरुदयाल और धनेश्वरी सहित अन्य मजदूर शामिल रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने कहा कि शासन महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रहा है। उन्होंने बताया कि निर्माणाधीन तालाब को भविष्य में महिला स्व-सहायता समूहों को मछली पालन, मखाना तथा ढेंस की खेती के लिए उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे महिलाओं की आय में वृद्धि होगी और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगी।

इस अवसर पर सरपंच यामिनी साहू सहित पंचायत प्रतिनिधि, महिला समूह की सदस्याएं और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने तालाब निर्माण को गांव के विकास और रोजगार सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

### एक पेड़ मां के नाम पर रोपे पौधे

**अंवरी।** देश के प्रधानमंत्री के आह्वान पर पूरे देश में एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया गया था। इसी महत्वपूर्ण विषय को आत्मसात करते हुए हेमंत ध्रुव ने अपनी माता जी के निधन उपरांत आयोजित जलांजलि कार्यक्रम के दिन अपनी मां की स्मृति में शांति घाट अंवरी में बरगद का पौधा रोपित किया। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत यह पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान का संदेश दिया। मौके पर पूर्व जनपद सदस्य सुनील गायकवाड़ भी उपस्थित रहे। क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के नाम से एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण मिल सके।

## हसदा में सुनी गई मन की बात




हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

ग्राम पंचायत हसदा में उपसरपंच भूषण यादव के निवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 134 वां एपिसोड का प्रसारण सुना गया। इस अवसर पर होरीलाल साहू पूर्व अध्यक्ष भाजपा मेघा मंडल, रोमेंद्र साहू बूथ अध्यक्ष, अखिलेश साहू पंच, भाजपा कार्यकर्तागण सुशील साहू, यशवंत साहू, जीवन साहू, सुमित्रा यादव, आरती यादव, उपासना यादव, योग यादव उपस्थित थे।

# पीएम के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 134वीं कड़ी रविवार को ग्राम पंचायत रांवा के पंचायत भवन में सामूहिक रूप से सुनी गई।

इस अवसर पर भाजपा मंडल रांवा के अध्यक्ष अमन राव, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुरारी यदु, मंडल महामंत्री दमयंती साहू, जनपद पंचायत धमतरी की सभापति देहुति साहू, सरपंच ज्ञानिक राम, बूथ अध्यक्ष गिरवर साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के माध्यम से वैश्विक स्थिति, देश के विकास, जनभागीदारी, नवाचार, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता तथा आत्मनिर्भर भारत जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए और देशवासियों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। अमन राव ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम देशवासियों को प्रेरित करने वाला मंच बन चुका है। इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव, जनभागीदारी और राष्ट्रहित के कार्यों को नई ऊर्जा मिलती है।

मौके पर भानू विश्वकर्मा, मंगतू पटेल, हुलाश पटेल, बीरेन्द्र बांदे, राधा साहू, प्रतिमा साहू, त्रिवेणी साहू, सत्या साहू, झरना साहू, टामिन साहू, भारती साहू समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# तपती गर्मी में राहगीरों को पिलाया शीतल मठा






हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सार्थक ग्रीन धमतरी के तत्वावधान में ओमप्रकाश शर्मा एवं श्रीमती भारती शर्मा द्वारा पुरुषोत्तम मास के अवसर पर भीषण गर्मी और तेज धूप से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से शीतल एवं स्वास्थ्यवर्धक मठा सेवा का आयोजन किया गया। इस सेवा का लाभ राहगीरों, रिक्शा चालकों, ऑटो चालकों, ई-रिक्शा चालकों, मोटरसाइकिल सवारों, साइकिल चालकों, कार एवं अन्य वाहन चालकों, श्रमिकों तथा आम नागरिकों ने प्राप्त किया।

गर्मी से राहत मिलने पर अधिकांश राहगीरों ने आत्मीय भाव से थैंक यू कहकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की तथा इस सेवा कार्य की सराहना की।

इस सेवा कार्य में गोपाल शर्मा, दिलीप लोढ़ा, महेंद्र सोनी, सुशील शर्मा, अनीता सोनी, अंजू लोढ़ा, वर्षा खंडेलवाल, परिधि खंडेलवाल, स्नेहा राठौड़, ज्योति शांडिल्य, सुभाष मलिक एवं सरिता दोशी ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

शिक्षकों की समस्याओं को लेकर की चर्चा

# सर्व शैक्षिक संगठन का प्रतिनिधिमंडल बीईओ से मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



सर्व शैक्षिक संगठन कुरूद के प्रतिनिधिमंडल ने विकासखंड शिक्षाधिकारी राजेश कुमार बैस से मुलाकात कर शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं और प्रशासनिक मुद्दों पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने सेवा पुस्तिका संधारण, टीईटी योग्यता इंद्राज, परीक्षा अनुमति, मेडिकल रियंबर्समेंट सहित कई महत्वपूर्ण विषयों के शीघ्र निराकरण की मांग रखी।

बैठक में सेवा पुस्तिका संधारण और सत्यापन का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। बीईओ ने संबंधित शाखा को आवश्यक निर्देश देते हुए लंबित सेवा पुस्तिकाओं का कार्य पूरा कर उन्हें सत्यापन के लिए कोष एवं लेखा तथा स्थानीय संपरीक्षक कार्यालय रायपुर भेजने की बात कही। साथ ही जिन सेवा पुस्तिकाओं में सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर शेष हैं, उन्हें भी शीघ्र पूर्ण कराने का आश्वासन दिया गया। प्रतिनिधिमंडल ने टीईटी योग्यता इंद्राज का विषय भी रखा। बीईओ ने संयुक्त संचालक कार्यालय के निर्देशों का हवाला देते हुए टीईटी योग्यता जोड़ने संबंधी आदेश जल्द जारी करने की बात कही। जिन शिक्षकों ने अभी तक आवेदन नहीं किया है, उन्हें आवश्यक दस्तावेजों सहित बीईओ कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करने कहा गया।

बैठक में कई लंबित प्रकरणों की प्रगति की जानकारी देते हुए बीईओ ने शेष मामलों में भी शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में संरक्षक देवेन्द्र दादर, संयोजक अशोक निर्मल, योगेंद्र कुमार चंद्राकर, हुमन चंद्राकर, हुलेश चंद्राकर, लुकेश राम साहू सहित विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

# भखारा शराब दुकान में चाकू की नोक पर लूट करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



भखारा थाना क्षेत्र स्थित शराब दुकान परिसर में युवक से चाकू की नोक पर लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद फरार चल रहे आरोपी समीर निर्मलकर को भखारा पुलिस ने घटना के पांच दिन बाद गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस से बचने का प्रयास कर रहा था।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 25 मई को प्रार्थी अपने बड़े भाई के कहने पर शराब और डीजल खरीदने के लिए तीन हजार रुपये लेकर भखारा आया था। रात करीब आठ बजे वह भखारा शराब दुकान परिसर पहुंचा, जहां पहले से मौजूद आरोपियों ने उससे रुपये की मांग की। प्रार्थी द्वारा मना करने पर आरोपी अंशुमन साहू ने उसके गले पर धारदार चाकू अड़ा दिया। वहीं लोकेश पटेल और एक विधि से संघर्षरत बालक ने उसे पकड़ लिया। इसी दौरान समीर निर्मलकर ने मारपीट कर प्रार्थी के पास रखे तीन हजार रुपये और रेडमी मोबाइल फोन लूट लिया। वारदात के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए थे। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना भखारा में अपराध क्रमांक 56/2026 के तहत प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने अंशुमन साहू, लोकेश पटेल और विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। घटना के बाद से फरार चल रहा मुख्य आरोपी समीर निर्मलकर निवासी वार्ड क्रमांक 4 भखारा पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। पुलिस को सूचना मिली कि वह दुर्ग जिले के ग्राम जरवाय में अपने एक दोस्त के घर छिपा हुआ है। इसके बाद थाना प्रभारी शरद ताम्रकार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

**खबर संक्षेप**



## सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों ने साझा किए अपने अनुभव

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से मई माह 2026 में कुल 101 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, जिसमें खदान बिरादरी के 10 सदस्यों सहित 17 कार्यपालक व 74 गैर-कार्यपालक शामिल हैं। कार्यपालकों के लिए विदाई समारोह का आयोजन इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में किया गया। निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया तथा उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें स्वस्थ और सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक सामग्री प्रबंधन एके चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक वित्त और लेखा प्रवीण निगम, कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक परियोजनाएं प्रबीर कुमार सरकार, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक संकार्य तुषार कांत उपस्थित थे। निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों से संवाद कर संयंत्र के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में उनके अनुभव और सुझाव आमंत्रित किए, जिन पर निदेशक प्रभारी और कार्यपालक निदेशकों ने विस्तार से चर्चा की। सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों ने अपने कार्यकाल की यात्रा साझा करते हुए अनुभवों एवं विचारों को व्यक्त किया। 30 मई को भिलाई निवास में आयोजित समारोह में संयंत्र के गैर-कार्यपालकों को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यपालक निदेशक वित्त एवं लेखा प्रवीण निगम, महाप्रबंधक आई एंड एस के सुपर्णा, उप महाप्रबंधक मानव संसाधन- मिल्स प्रताप शेखर नायक और उप महाप्रबंधक मानव संसाधन-एससीसीए राजेंद्र प्रसाद ने कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया।

## राज्यपाल डेका ने किया सेवा सरिता का विमोचन

**दुर्ग।** राज्यपाल रामेन डेका ने सेवा सरिता दस्तावेज का विमोचन किया गया। ओम सत्यम शिक्षण एवं जन विकास समिति के सचिव, जिला चिकित्सालय के जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर के 30 वर्षों के सेवा एवं रचनात्मक कार्यों का लेखा जोखा तथा संग्रहित दस्तावेज सेवा सरिता का विमोचन राजभवन में किया गया। सदस्यों ने सार्थक चर्चा की। विमोचित संग्रह का राज्यपाल द्वारा अवलोकन भी किया गया। उक्त संग्रह को लाइब्रेरी में रखने का आदेश भी दिया। इस अवसर पर ओम सत्यम शिक्षण एवं जन विकास समिति के अध्यक्ष सीता राम ठाकुर भी उपस्थित थे।

# इसरो के युविका कार्यक्रम से लौटने पर अमीषा निषाद का सम्मान, दुर्ग जिले का बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

इसरो द्वारा आयोजित युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम युविका 2026–27 में प्रतिभागी सेजस जामगांव आर की छात्र अमीषा निषाद पिता उमेश कुमार निषाद दस दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त कर 25 मई को श्रीहरिकोटा वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र आंध्रप्रदेश से जामगांव आर लौटी। युविका कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से 13 बच्चों का चयन किया गया, जिसमें दुर्ग जिले से एकमात्र अमीषा निषाद का चयन हुआ, यह दुर्ग जिला के लिए बहुत ही गर्व की बात है जैसा कि अमीषा ने प्रशिक्षण का अनुभव बताया कि उन्हें सतीश धवन स्पेस सेंटर में कई वैज्ञानिकों के साथ कार्य करने का तथा विभिन्न प्रकार के प्रोजेक्ट्स और प्रैक्टिकल्स करने का और उन्हें गगन यात्री शुभांशु शुक्ला के साथ भी वार्तालाप करने का मौका मिला।

■ अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में दुर्ग की बेटी ने बनाई पहचान



### कलेक्टर एवं डीईओ ने किया छात्र का सम्मान

होनहार छात्र अमीषा का 27 मई 2026 को दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह, दुर्ग जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाणपत्र द्वारा सम्म्मानित कर उत्साह वर्धन करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना किए। इस अवसर पर डीपीसी दुर्ग रश्मि नाथ, प्राचार्य सेजस जामगांव आर कविता साहू, गाइड टीचर विनीता सुधीर उपस्थित रहे। एसएमडीसी के अध्यक्ष अगेश्वर साहू, सदस्य मनीष जैन तथा समस्त समिति के सदस्य गण ग्राम सरपंच रूपेंद्र शुक्ला जी अमीषा की इस उपलब्धि पर भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए अमीषा के उज्जवल भविष्य की कामना किए।

## समस्या : पैरा जलाने से मिट्टी की उर्वरता पर पड़ रहा असर

# फसल अवशेष जलाने से बढ़ रही पर्यावरण और पशुओं के लिए समस्या, जागरूकता की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



जहां एक ओर घुमंतु पशु चारा पानी की तलाश में तेज गर्मी में भटकने को मजबूर है वही दूसरी ओर जिले के किसान खेतो में फसल अवशेष को जलाकर अगले फसल की तैयारी में लगी हुई है। रबि फसल की कटाई के बाद जिले के कई किसान अब खरीफ फसल की तैयारी में लग गए है। जिसके तहत खेतो की साफ सफाई व अन्य कार्य किसानो द्वारा किए जा रहे है। इसी के तहत रबी फसल के खबर को जलाने का काम किसानों द्वारा किया जा रहा है। जिले में कई किसानो द्वारा रबी फसल की कटाई लगभग संपन्न हो चुकी है। जिसके तहत अब किसानो द्वारा फसलो की कटाई के बाद खेतो में बचे को जलाने का काम किया जा रहा है जिससे खेतो की सफाई तो हो रही है लेकिन इसके नुकसान से अनभिज्ञ रहने के कारण किसानो को ही नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

■ फसल अवशेष जलाने से नष्ट हो रहे कृषि मित्र जीव

खेतो मे फसल अवशेष को जलाने से खेतो में स्थित कृशक मित्र जैसे केचुएं और अन्य कीट जो फसल के वृद्धि के लिए सहायक होते है वे खेतो में लगे आग के कारण नष्ट हो जाते है जिसके कारण मिट्टी की गुणवत्ता पर असर पड़ता है जिससे फसल प्रभावित होता है जिसके कारण किसानो को कीटनाशक व अन्य दवाई पर निर्भर रहकर लागत बढ़ाने जैसी स्थिति का सामना करना पड़ता है।

वही खेतो में आग लगने से ना सिर्फ कृषि मित्र जैसे जीवो का नाश होता है बल्कि कई मामलो में आग लगने के कारण से आस पास के मशीनो के लिए बनाए गए झोपड़ी, मशीन व खेतो के मशीन के लिए गए बिजली वायर जलने की खबरे भी सामने आती है ऐसे में खेतो में आग लगाने से किसानो को समस्याओ का ही सामना करना पड़ता है।

वही जिले की सड़को में घुमंतू पशु खाने की तलाश मे तेज धूप में भी भटकते देखा जा सकता है लेकिन इस ओर ना प्रशासन का ध्यान है और ना ही दीपावली में लक्ष्मी के रूप में पूजा करने वाले किसानो का जिसके कारण खेतो में पशुओ के चारे जल रहे है और पशु खाने की तलाश में सड़को पर भटकने को मजबूर है। प्रशासन द्वारा अगर किसानो को फसल अवशेष जलाने के नुकसान के प्रति जागरूक करने तथा पैरा दान का अभियान चलाया जाता तो किसानो के साथ सड़को में विचरण करने वाले पशुओ के चारा पानी की व्यवस्था हो जाती।

लेकिन इस ओर कोई कार्य नही किए जाने के कारण किसानों द्वारा लगातार फसल अवशेष को जलाया जा रहा है जिससे वायु प्रदुशण भी हो रहा है जिसकी जानकारी होने के बाद भी इस ओर कोई ठोस कदम नही उठाया जा रहा है।

# जगदलपुर खेल अकादमी चयन परीक्षा में चिखली के खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

राज्य शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा नवस्थापित आवासीय खेल अकादमी, जगदलपुर में प्रवेश के लिए 28 एवं 29 मई को खेल परिसर जगदलपुर में दो दिवसीय चयन परीक्षा का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण चयन प्रक्रिया में बालोद जिले के डौण्डी विकासखंड स्थित रानी दुर्गावती फुटबॉल क्लब चिखली के 10 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी खेल क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया।

■ आवासीय प्रशिक्षण का सपना हुआ और करीब

चयन परीक्षा के प्रथम दिवस खिलाड़ियों की शारीरिक दक्षता और क्षमता का परीक्षण किया गया। इसके अंतर्गत ऊर्ध्व कूद, 30 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़, गोला फेंक सहित विभिन्न शारीरिक परीक्षणों के माध्यम से प्रतिभागियों की कार्यक्षमता और फिटनेस का आकलन किया गया। खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। दूसरे दिन खिलाड़ियों की खेल संबंधी दक्षता का मूल्यांकन किया गया। इस दौरान गेंद पर नियंत्रण, सटीक प्रहार, गेंद पास करना, खेल कौशल तथा अभ्यास मैच के माध्यम से खिलाड़ियों के प्रदर्शन को परखा गया। चयनकर्ताओं ने खिलाड़ियों की तकनीकी क्षमता, अनुशासन और खेल समझ का सूक्ष्म निरीक्षण किया।

रानी दुर्गावती फुटबॉल क्लब चिखली के सचिव एवं प्रशिक्षक चन्द्रशेखर पवार ने बताया कि क्लब लगातार ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का कार्य कर रहा है। पिछले वर्ष क्लब की चार बालिकाओं का चयन रायपुर खेल अकादमी के लिए हुआ था। इस वर्ष नव प्रारंभ हो रही आवासीय खेल अकादमी जगदलपुर के लिए क्लब के 10 खिलाड़ियों ने चयन परीक्षा में भाग लेकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।

उन्होंने बताया कि जिला खेल अधिकारी तथा अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक के मार्गदर्शन एवं निर्देशों के अनुरूप बालोद जिले की टीम इस चयन प्रक्रिया में शामिल हुई। चयनित खिलाड़ियों को आवासीय खेल परिसर में रहकर उच्च स्तरीय खेल प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। साथ ही उनकी शिक्षा, आवास, भोजन तथा खेल सामग्री की संपूर्ण व्यवस्था शासन द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का बेहतर मंच मिलेगा।

चयन परीक्षा में अंश, नमन, यमित, यसित, तुषार भट्ट, थमेश, पुष्कर, गीतेश, गेमन, तोमेश तथा वासु नेताम टीम प्रबंधक के साथ शामिल हुए। खिलाड़ियों के उत्साहजनक प्रदर्शन से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है तथा चयन परिणाम को लेकर सभी आशान्वित हैं।

ग्रामीण प्रतिभाओं ने बढ़ाया बालोद का मान, जगदलपुर खेल अकादमी चयन परीक्षा में चिखली के खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन रहा।

## ट्रेनों के परिचालन में सुरक्षा सबसे पहली प्राथमिकता, कर्मियों को दी गई जानकारी




**भिलाई।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन को लेकर कर्मचारी ट्रेनिंग, स्कूल, परिचालन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीएमवाई में संरक्षा सेमिनार भी आयोजित की गई।

संरक्षा विभाग द्वारा ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन हेतु परिचालन, विद्युत परिचालन, यांत्रिक तथा सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर स्पैड से बचाव एवं ऑटोमेटिक सिग्नल ऑन अवस्था में पार करने का प्राधिकार तथा क्रु के द्वारा बरती जानेवाली सावधानियां, शंटिंग के दौरान बरती जानेवाली सावधानियों की निर्धारित गाइडलाइन से अवगत कराया गया। स्टेशन, यार्ड में ट्रेन का सिक्योरिंग एवं क्लीयरिंग करना, ट्रेन या इंजन में आग लगने पर चालक, परिचालक एवं स्टेशन कर्मचारी द्वारा ली जानेवाली सावधानियां, गुड्स शेड एवं साइडिंग से लोड क्लियर के दौरान हॉट एक्सेल, ब्रेक बाइंडिंग, पॉइंट्स एवं सिग्नल की विफलता के दौरान परिचालन एवं सिग्नल कर्मचारियों के द्वारा बरती जानेवाली सावधानियां, प्राथमिक उपचार पेटी का उपयोग एवं प्रदर्शन तथा अग्निशामक यंत्र का उपयोग एवं प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान बताया कि सुरक्षा उपायों के पालन से ट्रेन संचालन और ज्यादा सुरक्षित होगा। कर्मचारियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा। आपात स्थिति में तुरंत सही फैसला लिया जा सकेगा। यात्रियों की जान-माल की सुरक्षा मजबूत होगी, जागरूकता लगातार बनी रहे।

## चित्रकला एवं रंगोली में दिखाया हुनर, 75 बच्चों ने लिया भाग



**भिलाई।** योग लंगर समिति ने पांच दिवसीय चित्रकला एवं रंगोली प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। समापन शनिवार को हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि बीएसपी भूतपूर्व वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.पी. शर्मा थे। विशेष अतिथि दंत रोग विशेषज्ञ एमडीएस डॉ. योगेश कुमार जंघेल, सभापति केशव बंछोर, पार्षद सनीर साहू धर्मेन्द्र भगत, सीमा साहू रामसेवक वर्मा, चंदूलाल मरकाम, पंचराम साहू थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता योग लंगर समिति के संस्थापक व अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी ने की।

कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक चित्रकार हरिसेन, चित्रकार व मूर्तिकार अखिलेश वर्मा, एमएफए पेंटिंग श्रुति राठी ने अपना बहुमुल्य समय कार्यशाला में उपस्थित बच्चों को दिया। लगभग 75 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने पाचों दिन चित्रकला, रंगोली एवं अन्य अलग-अलग विधाओं का ज्ञान अर्जन किया। समापन समारोह में हरिसेन, अखिलेश वर्मा, श्रुति राठी का बस्तर आर्ट एवं पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर योग लंगर समिति के कार्यकारी अध्यक्ष विजय शंकर राम, सचिव संजय उके, कोषाध्यक्ष नवीन खत्री, संयुक्त सचिव अंजली सिंह, रामशंकर अग्रवाल, मेघनाथ चंद्राकर, गोकुल नगपूरे, उल्लास कोपलवार, ओमप्रकाश पंडित आदि मौजूद थे।

# जामुल में 6.50 लाख से बनेगा घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



नगर पालिका जामुल के वार्ड क्रमांक 18 स्थित बुढ़ादेव तालाब में महतारी घाट का निर्माण किया जाएगा। करीब 6 लाख 50 हजार रुपये की लागत से बनने वाले इस घाट का भूमि पूजन नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने किया।

■ नगर पालिका अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

इस अवसर पर अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि जामुल नगर में विकास कार्यों को लगातार गति दी जा रही है और जल्द ही नगर की तस्वीर बदली हुई नजर आएगी। उन्होंने बताया कि महतारी घाट का उपयोग सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों के साथ-साथ दैनिक निस्तारी कार्यों के लिए भी किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की तर्ज पर तालाबों में महिलाओं के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक स्नान व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महतारी घाट का निर्माण कराया जा रहा है। वर्तमान में अधिकांश तालाबों में खुली पचरी होने के कारण महिलाओं को असहज परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। महतारी घाट बनने से उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक सुविधा मिल सकेगी। नपा अध्यक्ष ने बताया कि नगर के अन्य तालाबों में भी चरणबद्ध तरीके से महतारी घाट निर्माण की योजना पर कार्य किया जाएगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में वार्ड पार्षद तिलेश्वर देवांगन, पूरन चौहान, भूपेंद्र सिंह, भागवत प्रसाद, राजू लाल, घनश्याम सिंह, मनोहर लाल, बिसंभर लाल, उप अभियंता सचिन भागवत आदि उपस्थित रहे।

## मजदूरों के धरना प्रदर्शन को दिया समर्थन

**भिलाई।** रसमड़ा में मजदूरों द्वारा अपनी मांगो के लकर घरना पर बैठे है। उनके समर्थन में असंगठित कामगार व कर्मचारी कांग्रेस ने मौके पर पहुंचकर समर्थन दिया है। मजदूरों को समर्थन के साथ-साथ उनके हक के लिए हमेशा खडा रहने का भी आश्वासन दिया गया है। इस दौरान प्रदेश सचिव असंगठित कामगार व कर्मचारी कांग्रेस, जिला महामंत्री राम सूर्यवंशी , जिला अध्यक्ष असंगठित कामगार व कर्मचारी कांग्रेस राहुल वर्मा, पार्षद भारती सूर्यवंशी, प्रेम कुमार मिश्रा ,विजय पूरी, ऋषभ तिवारी समेत कांग्रेस कार्यकर्तागण मौजूद थे।

पेज 9 का शेष

### दल्लीराजहरा में भालुओं की ...

ओर आने को मजबूर हो रहे हैं। यदि बीएसपी प्रबंधन पर्यावरणीय दायित्वों का गंभीरता से पालन करता, तो आज ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती।
वार्ड क्रमांक 2 के नागरिकों की पीड़ा
रामलाल निषादने कहा शाम होते ही परिवार के लोगों को घर से बाहर निकलने नहीं देते। बच्चों को अकेले भेजने में डर लगता है।
मीना साहू ने कहा रोज भालू दिखाई देने की खबरें मिल रही हैं। महिलाएं सुबह-शाम टहलने तक से डरने लगी हैं। देवकुमार यादव ने कहा रेलवे पटरी और तालाब क्षेत्र के आसपास भय का माहौल है। प्रशासन को स्थायी समाधान निकालना चाहिए।
कमला बाई ने कहा पहले कभी ऐसी स्थिति नहीं थी। अब हर समय अनहोनी की आशंका बनी रहती है। राजेश कुमार ने कहा रात में कई जगह अंधेरा रहता है। यदि प्रकाश व्यवस्था बेहतर हो जाए तो कुछ राहत मिल सकती है।
खदान क्षेत्र के आसपास हरियाली खत्म होती जा रही है। वन्यजीवों का शहर की ओर आना उसी का परिणाम है। जिला वन मंडलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने जानकारी दी दल्लीराजहरा के प्रभावित क्षेत्रों का स्थल निरीक्षण किया गया है। जंगली भालुओं की गतिविधियों को गंभीरता से लिया जा रहा है। वन विभाग की प्राथमिकता मानव और वन्यजीव दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। निरीक्षण के दौरान संबंधित संस्थाओं और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। जिन स्थानों से भालुओं की आवाजाही अधिक देखी जा रही है, वहां सुरक्षा घेरा मजबूत करने, कंटीले तार लगाने, प्रकाश व्यवस्था बढ़ाने तथा निगरानी व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए हैं। नागरिकों से भी अपील है कि भालू दिखाई देने पर घबराएं नहीं, बल्कि तुरंत वन विभाग को सूचना दें। वन विभाग लगातार निगरानी कर रहा है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।/"
बीएसपी महाप्रबंधक आर. बी. गहरवार का बयान
वन विभाग द्वारा दिए गए सुझावों और निर्देशों का पालन किया जाएगा। जिन क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की आवश्यकता बताई गई है, वहां आवश्यक कार्य कराए जाएंगे। प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा घेराबंदी तथा अन्य जरूरी उपायों पर कार्ययोजना तैयार की जा रही है। वन विभाग के साथ समन्वय बनाकर स्थिति पर लगातार नजर रखी जाएगी।

### पलारी नपं चुनाव : महिला ...

जिसमें 1,912 महिला मतदाता और 1854 पुरुष मतदाता शामिल हैं। सुरक्षा और सुव्यवस्थित मॉनिटरिंग के लिए पूरे 15 मतदान केंद्रों को 2 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। दोनों ही सेक्टरों में कानून व्यवस्था और सुचारू मतदान सुनिश्चित करने के लिए दो सेक्टर ऑफिसर तैनात किए गए हैं। प्रशासन ने सभी नागरिकों से शांतिपूर्ण और भारी संख्या में मतदान करने की अपील की है।

### नाला खोदकर पानी ...

बार ग्रामीणों के बीच पानी भरने को लेकर विवाद की स्थिति भी बन जाती है। महिलाओं को घंटों इंतजार के बाद भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता।
नाला खोदकर निकाल रहे पेयजल ग्रामीणों ने बताया कि जब नलों से पानी नहीं मिलता तो वे नाले में झिरिया (छोटा गड्ढा) खोदकर रिसाव वाला पानी निकालते हैं और उसी का उपयोग पीने के लिए करते हैं। नहाने और अन्य घरेलू कार्यों के लिए भी पास के नाले का ही सहारा लेना पड़ रहा है।
चिंता की बात यह है कि नाले का पानी हरे रंग का हो चुका है, जिससे जलजनित और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। इसके बावजूद मजबूरी में ग्रामीण उसी पानी का उपयोग कर रहे हैं। स्थायी समाधान की मांग ग्रामीणों का कहना है कि करीब 20 वर्ष पहले जब गांव में नल-जल सुविधा नहीं थी, तब भी वे नाले के पानी पर निर्भर थे और आज भी हालात लगभग वैसे ही बने हुए हैं। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र स्थायी पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने, नए जल स्रोत विकसित करने और गर्मी के मौसम में टैंकर के माध्यम से नियमित जल आपूर्ति की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में जल संकट और गंभीर हो सकता है तथा लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

### चाकू की नोक पर 25 हजार ...


दरवाजा को अंदर से बंद कर लम्बा लड़का ने अपने पास रखे एक लोहे की धारदार चाकू को मेरे पेट में टीका कर गाली– गलौज करते हुये अपने पास रखे रूपये हमे दो नहीं तो जान से मार दूंगा कहकर धमकी देने लगा तथा कम हाईट वाले लड़का ने गाली– गलौज करते हुये मेरे बाएं गाल में 03– 04 थप्पड़ से मारकर मेरे जेबो को टटोलने लगा पैंट के सामने बाएं जेब में रखे नगदी 25,000 रूपये को निकाल लिये इसी कारण मैंने बचाओ– बचाओ कहकर चिल्लाने लगा तभी दोनो लड़के बाथरूम के दरवाजा खोलकर भाग गये जिनको शौचालय के बाहर खडे लडको ने देखे है दोनो आरोपियो के जाने के बाद मैं बाथरूम से निकल कर देखा शौचालय के पास मेरे से लूटपाट किये लम्बा लड़का पीला टी– शर्ट पहना हुआ खड़ा था जिसे देखकर सब्जी मण्डी में आये बालोद निवासी सोनू देवांगन, ग्राम तरौद निवासी झुमुक पटेल, ग्राम कोरगुडा निवासी बृजेश देवांगन को मेरे साथ हुए लूटपाट के बारे में बताकर लूटपाट करने वाले लम्बा लडका को दिखाने पर सभी ने मिलकर लम्बा लडका को सब्जी मण्डी में पकडकर नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम पाण्डेपारा बालोद निवासी सोमेश ध्रुवे का रहने वाला तथा अपने साथी कम हाईट वाले लडके का नाम पाण्डेपारा बालोद निवासी नवीन यादव का रहने वाला बताया। कम हाईट वाला लडका नवीन यादव के द्वारा थप्पड से मारने के कारण मेरे बाये गाल में दर्द हो रहा है।

### खरीफ सीजन में खाद ...

कार्रवाई की मांग की है। किसानों का कहना है कि यदि जल्द ही सोसायटियों में पर्याप्त मात्रा में डीएपी और यूरिया उपलब्ध नहीं कराया गया, तो खरीफ सीजन की खेती प्रभावित हो सकती है। ऐसे में खाद संकट किसानों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया है।

### खरखरा जलाशय....

प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित हो सकता है। इसकी भौगोलिक स्थिति और प्राकृतिक संरचना पर्यटन विकास के लिए अत्यंत अनुकूल है। वर्तमान में जिले में विभिन्न पर्यटन स्थलों की चर्चा होती है, लेकिन खरखरा जलाशय जैसी प्राकृतिक धरोहर अपेक्षित ध्यान नहीं पा रही है। अब आवश्यकता है कि प्रशासन, जनप्रतिनिधि और आम नागरिक मिलकर इस ऐतिहासिक जलाशय के संरक्षण, संवर्धन और पर्यटन विकास के लिए गंभीर पहल करें, ताकि 62 वर्षों की इस अमूल्य विरासत को नई पहचान और नया जीवन मिल सके। क्षेत्रवासियों की मांग है कि खरखरा जलाशय का कायाकल्प कर इसे पुनः पर्यटन और प्राकृतिक सौंदर्य के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जाए, जिससे आने वाली पीढ़ियां भी इसकी ऐतिहासिक और प्राकृतिक विरासत का अनुभव कर सकें।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बनने पर विधायक संगीता सिन्हा का सम्मान

**गुरूर।** संजारी बालोद विधानसभा विधायक संगीता सिन्हा को छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर छत्तीसगढ़ डड़सेना कलार समाज तहसील गुरूर द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस सम्मान समारोह पर समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों ने संगीता सिन्हा जी का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया तथा उनके उज्वल नेतृत्व और सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रेषित किए। यह सम्मान समारोह समाज के गौरव महिला सशक्तिकरण एवं जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

## अग्निवीर में चयनित हुए मयंक कुमार सिन्हा

**गुरूर।** ग्राम बोड़रा पो. धनेली निवासी मयंक कुमार सिन्हा का चयन अग्निवीर में हुआ। उनके



चयन से परिवार के साथ ग्राम व परिचितो में हर्ष व्याप्त है। इस दौरान मयंक साहू के चयन होने पर उनका फूल, माला से स्वागत किया गया जिसके तहत ग्रामीणो के साथ परिचित के लोग मयंक सिन्हा के घर पहुंच बधाई देते उनके परिश्रम की सराहना की तथा ग्रामीणो ने कहा कि मयंक सिन्हा के सफलता से ग्राम के अन्य युवक प्रेरित होंगे व उनसे प्रेरणा लेकर ग्राम के अन्य युवक भी आगे बढ़ेगे। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। जहां मयंक कुमार सिन्हा के अग्निवीर में चयन होने पर पिता पूर्णानंद सिन्हा, दादा रामुलाल सिन्हा तथा ग्रामीणो ने हर्श व्यक्त किया।

## धमना में मनरेगा कार्यों का शुभारंभ



**जामगांव आर।** ग्राम पंचायत धमना के शमशान घाट तालाब में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना का शुभारंभ सरपंच लोकेश महलवार ने पूजा अर्चना कर किया। इस अवसर पर उपसरपंच लाल कुमार साहू, पंच गण एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे। सरपंच लोकेश महिलवार ने बताया कि गमएँ का ध्यान रखते हुए कार्य का समय प्रातःकालीन निश्चित किया गया। ग्रामीणों को काम मिलने से गांव में हर्ष व्याप्त है।

## चाकू लेकर धमकाने वाले को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** चाकू लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि आदतन अपराधी घासीदास नगर अटल आवास जामुल निवासी सचिन उर्फ जहर आने जाने वाले को चाकू लेकर धमका रहा था। सूचना पर पुलिस ने शांति नगर दशहरा मैदान गेट के पास पकड़ा गया।

**आयोजन**

प्रधानमंत्री के विचार समाज के प्रत्येक वर्ग को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करते हैं

# मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ सुना प्रधानमंत्री का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित प्रधानमंत्री के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सामूहिक श्रवण जिला बालोद के डौंडी लोहारा नगर के बूथ क्रमांक 80 में उत्साह एवं गरिमामय वातावरण के बीच संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। उपस्थितजनों ने प्रधानमंत्री के विचारों एवं प्रेरणादायी संदेशों को गंभीरता और श्रद्धा के साथ सुना तथा राष्ट्रहित के कार्यों में अपनी सहभागिता बढ़ाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का आयोजन बूथ प्रभारी जीवरखान कौमार्य एवं सह प्रभारी तथा वार्ड क्रमांक 1 की पार्षद सूर्यकला ठाकुर के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता रवि जैन एवं नमो लोढ़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम पूर्व पार्षद मणिराम बघेल के निवास पर आयोजित किया गया, जहाँ कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता निभाई।कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा देश के विकास, आत्मनिर्भर भारत, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता,



युवाओं की भूमिका, महिला सशक्तिकरण तथा जनभागीदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यक्त विचारों को ध्यानपूर्वक सुना गया।

वक्ताओं ने कहा कि मन की बात केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों को प्रेरित करने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार समाज के प्रत्येक वर्ग को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करते हैं। उनके संदेशों से प्रेरणा लेकर आमजन भी राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं।कार्यक्रम के सफल आयोजन पर भाजपा पदाधिकारियों ने सभी कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे जनजागरूकता एवं राष्ट्रहित से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जाता रहेगा। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का वातावरण देखने को मिला।

### खुटेरी में सुना प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात'



**गुण्डरदेही।** रविवार को खुटेरी रंग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 134 वें मन की बात सुनी गई। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें। मन की बात मे उपस्थित शक्ति केंद्र प्रभारी सौरभ चोपड़ा ने कहा कि हम सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का बेसब्री से इंतजार रहता है। मन की बात मे मोदी ने एक बार फिर छत्तीसगढ़ का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने अनिमेष कुजूर के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि मन की बात देशवासियों को प्रेरित करने, जनभागीदारी को सशक्त बनाने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन की कहानियों को जन–जन तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। चोपड़ा ने कहा कि देश में नए–नए प्रेरणादायक कार्य होते हैं, उसका जिक्र पीएम मोदी करते हैं। देश और समाज के लिए कुछ करने की प्रेरणा मन की बात कार्यक्रम से मिलता है। कार्यक्रम में महामंत्री विनोद चंद्राकर, मंडल मंत्री नवीता साहू, संयोजक पृथ्वी साहू, रोमेश यादव, भवन साहू, आकाश ठाकुर, अमर सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## अर्जुनी बूथ में सुना प्रधानमंत्री के 'मन की बात' का 134वां एपिसोड

**बालोद/कलंगपुर।** भारतीय जनता पार्टी ओटेबन्द मण्डल के अंतर्गत बूथ क्रमांक 234 अर्जुनी में प्रधानमंत्री मन की बात 134 वां एपिसोड सुनी गई। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक थानसिंह मंडावी, जनपद सदस्य गुलशन हिरवानी, शक्ति केन्द्र संयोजक घना राम साहू, बूथ अध्यक्ष मोहन लाल साहू, कार्यकर्ता अर्जुन साहू, राधेश्याम साहू, एमन कुमार साहू, डीगेश साहू, चेमन साहू, रविकांत साहू, भरत साहू सहित कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## देवरी मंडल के सभी बूथों में सुना गई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात

**डौंडीलोहारा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 134वीं कड़ी का श्रवण देवरी मंडल के सभी बूथों में भाजपा कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा किया गया।

इस दौरान प्रधानमंत्री के संदेशों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए उनके विचारों पर चर्चा भी की गई। देवरी मंडल अंतर्गत कन्याडबरी बूथ में आयोजित कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष कांतिप्रकाश सोनबरसा, जिला पंचायत सभापति एवं सदस्य प्रभा नायक, जनपद सदस्य एवं सभापति चित्ररेखा साहू, मंडल उपाध्यक्ष रामलाल नायक, युवा मोर्चा अध्यक्ष फनेश्वर साहू, पूर्व महामंत्री निरंजन साहू, जागेश्वर साहू, प्रकाश सोनबरसा बूथ समिति अध्यक्ष, बीएलओ-2, कार्यकर्ता एवं



ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के एथलेटिक खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। साथ ही बढ़ती गर्मी और तेज धूप से बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों में फलों के राजा आम की विविध प्रजातियों एवं उससे जुड़ी विशेषताओं पर भी प्रकाश डाला। मंडल के विभिन्न बूथों में भी 'मन की बात' कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण किया गया। मंडल अध्यक्ष विवेक वैष्णव एवं अजय देवांगन ने देवरीबंगला में, महामंत्री राधेश्याम देवांगन ने मारीबंगला बस स्टैंड में, मिथलेश तिवारी ने गहिरानवागांव में, रवि साहू ने साल्हे में, महिला मोर्चा अध्यक्ष भूनेश्वरी ठाकुर ने भरदा ट में, मंडल उपाध्यक्ष उत्तम साहू ने जेवरतला में, मंडल उपाध्यक्ष ऊर्मिला साहू ने रानीतराई में, खुबलाल साहू ने खैरा में, सरपंच हिना साहू ने मारीबंगला में तथा रामप्रसाद साहू ने सुरसुली में कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों के साथ कार्यक्रम सुना। कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। सभी स्थानों पर कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दी।

## आत्मनिर्भर शहर मंडल अभियान के तहत भाजपा की बैठक संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल बालोद द्वारा आत्मनिर्भर शहर मंडल के तहत बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि अब यह बैठक प्रत्येक माह नियमित रूप से आयोजित की जाएगी।

बैठक में मुख्य रूप से मंडल के नवनियुक्त प्रभारी एवं जिला भाजपा मंत्री सुरेंद्र देशमुख ने कार्यकर्ताओं को संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण एवं जनसंपर्क अभियान को लेकर मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता यज्ञदत्त शर्मा एवं जिला मंत्री निशा योगी ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन हित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

बैठक में भाजपा शहर मंडल के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में कुल 84 कार्यकर्ताओं की अपेक्षित उपस्थिति थी, जिसमें 40 कार्यकर्ताओं ने सहभागिता दर्ज कराई।



## उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने लक्ष्मी देवी जैन को दी श्रद्धांजलि

**बालोद।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव जिला मुख्यालय बालोद स्थित राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन के निवास स्थल पहुंचे। वहाँ उन्होंने श्री जैन की भाभी स्वगऍय लक्ष्मी देवी जैन के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किया एवं शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की।



## जनता महंगाई की मार झेल रही है और भाजपा सरकार सुशासन का ढोल पीट रही है : ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल संकट, उर्वरक की कमी और आम जनता की आर्थिक परेशानियों को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू कहा कि पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं के बढ़ते दामों से आम जनता त्रस्त है।'सुशासन तिहार' को ढोंग करार दिया है पूर्व गृहमंत्री और कांग्रेस वरिष्ठ नेता ताम्रध्वज साहू का कहना है कि जहां एक तरफ आम नागरिक महंगाई की मार झेल रहा है, वहीं दूसरी ओर भाजपा सरकार 'सुशासन' का ढोल पीट रही है। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में 'सुशासन तिहार' के दौरान खाद की कमी, धान खरीदी में भ्रष्टाचार और वसूली जैसे मुद्दों को लेकर जनता और किसानों का गुस्सा फूट पड़ा।

■ सुशासन तिहार एक ढोंग है : पूर्व गृहमंत्री साहू



प्रदेश भर में आयोजित हो रहे इन शिविरों में कई जगह अव्यवस्थाओं के कारण भाजपा के ही विधायक और नेता असहज दिखाई दे रहें है। ताम्रध्वज साहू ने कहा की भाजपा सरकार जानबूझकर प्रदेश के किसानों को कमजोर कर रही है।भाजपा सरकार चाहती है कि प्रदेश के किसानों की धान की उपज कम हो ताकि उन्हें कम से कम धान खरीदी करना पड़े।

बड़े किसानों को आसानी से खाद मिल जाती है, जबकि छोटे और गरीब किसान भटकते रहते हैं। पूर्व मंत्री ने देश में लगातार बढ़ रही महंगाई और आवश्यक वस्तुओं की बेलगाम कीमतों को लेकर केंद्र व राज्य सरकारों पर तीखा हमला बोला है आरोप है कि केंद्र और राज्यों में मौजूद 'डबल इंजन' की सरकार महंगाई रोकने में पूरी तरह से विफल रही है, जिससे आम जनता का जीना दूभर हो गया है। डीजल, पेट्रोल की लगातार बढ़ती कीमतों पर जताई नाराजगी बढ़ती महंगाई से उन्होंने ने आरोप लगाया कि भाजपा ने देशवासियों ने अच्छे दिनों के झूठे सपने दिखाए।

भाजपा सरकार ने महंगाई बढ़ाकर देश की आम जनता के सामने भुखमरी का संकट पैदा कर दिया है। केंद्र और प्रदेश सरकार को जनविरोधी करार दिया है। महंगाई की मार ने आम आदमी को बेहाल कर दिया है। आए दिन डीजल, पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि की जा रही है। रसोई गैस के दाम बढ़ा दिए हैं। आरोप लगाया कि भाजपा की सरकार को आम जनता से कोई सरोकार नहीं रह गया है।

## 17 बार रक्तदान कर अरविंद रामटेके ने पेश की मानव सेवा की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

समाज में ऐसे लोग विरले ही होते हैं जो निस्वार्थ भाव से दूसरों की जिंदगी बचाने के लिए आगे आते हैं। दल्लीराजहरा के वार्ड क्रमांक 18 निवासी अरविंद रामटेके ने रक्तदान के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अब तक 17 बार रक्तदान कर मानव सेवा की अनूठी मिसाल कायम की है। उनका यह योगदान न केवल जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायिनी साबित हुआ है, बल्कि युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बन गया है।



■ छह माह के शिशु की मदद से हुई थी शुरुआत

रक्तदान को महादान कहा जाता है और अरविंद रामटेके ने इस विचार को अपने कर्मों से सार्थक किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उन्होंने 18 वर्ष की आयु से रक्तदान की शुरुआत की और लगातार वर्षों तक जरूरत पड़ने पर लोगों की सहायता करते रहे। वर्तमान में उनकी आयु 55 वर्ष है और नियमित रक्तदान के बावजूद वे पूरी तरह स्वस्थ एवं सक्रिय हैं। इससे यह भी सिद्ध होता है कि रक्तदान करने से स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता, बल्कि यह समाज सेवा का सबसे बड़ा माध्यम बनता है। जानकारी के अनुसार अरविंद रामटेके ने अपना पहला रक्तदान वर्ष 1990 में उस समय किया था जब छह माह के एक शिशु को तत्काल रक्त की आवश्यकता थी। मानवीय संवेदनाओं से प्रेरित होकर उन्होंने बिना किसी संकोच के रक्तदान कर उस मासूम की सहायता की। इसके बाद उन्होंने अनेक जरूरतमंद मरीजों के लिए समय-समय पर रक्तदान किया और कई परिवारों के जीवन में आशा की किरण जगाई।

उनका अंतिम दर्ज रक्तदान वर्ष 2010 में एक महिला मरीज के लिए किया गया था। इस प्रकार वर्षों तक लगातार जरूरतमंदों की सहायता करते हुए उन्होंने कुल 17 बार रक्तदान किया। उनका रक्त समूह बी पॉजिटिव है, जिसके माध्यम से उन्होंने अनेक लोगों को नया जीवन देने का कार्य किया।

### 65 गांवों के सहयोग से साकार होगा साहू समाज का सपना खबर बनाओ

# अर्जुन्दा में साहू समाज भवन का भूमिपूजन, हजारों समाजजनों ने लिया भव्य भवन निर्माण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुदा

तहसील साहू संघ अर्जुन्दा द्वारा अर्जुन्दा नगर में साहू समाज के भवन के लिए विधि विधान से पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया गया। तहसील साहू संघ अर्जुन्दा में तकरीबन 65गांव आते है, वही सामाजिक पदाधिकारियों व समाजजिक लोगों की मेहनत रंग ला रही हैं।

गौर की क्षेत्र के प्रत्येक परिवार ने दान तकरीबन तीस लाख रुपए दान में एकत्र कर नगर पंचायत अर्जुन्दा में जमीन खरीदी, वही पूर्व विधायक गुण्डरदेही वीरेंद्र साहू व साहू समाज पदाधिकारियों के सहयोग से उप मुख्यमंत्री मंत्री अनिल साव की द्वारा 25लाख तहसील साहू संघ अर्जुन्दा को भवन बनाने राशि स्वीकृत हुई, जिसका भूमि पूजन रविवार की सुबह 9 बजे मंत्रेच्चार से पुरोहित द्वारा किया गया। जिसमे हजारों की संख्या में साहू समाज एकत्र होकर बढ़िया और सर्व सुविधा युक्त भवन बनाने का संकल्प लिया, वही पहुंचे सामाजिक बंधुओं ने राशि दान देकर सहयोग किया, वही सामाजिक प्रतिभा शाली बच्चो सहित समाज में कार्य कर रहे सामाजिक बंधुओं को सम्मान किया। इस अवसर पर आयोजन में पहुंचे पूर्व विधायक गुण्डरदेही वीरेंद्र साहू ने कहा कि यह भवन समाज की तरक्की और विकास का प्रतीक है उन्होंने कहा कि जब समाज काम को ।जिमत करता है तो उनकी अहमियत बढ़ जाती है सब मिलकर सहयोग करेंगे।





वही इस अवसर पर तहसील साहू संघ अर्जुन्दा अध्यक्ष उमाशंकर साहू ने बताया कि साहू समाज लगातार बेहतर प्रयास कर रहा हैं, पूर्व में 5000गोबर के दीए जलाकर गोल्डन बुक में अर्जुन्दा का रिकॉर्ड बना है, वही समाज के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में सभी समाज वर्ग के लिए निःशुल्क स्पोकन इंग्लिश कक्षा 1 जून से लगेगी वही बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने मार्शल आर्ट कराटे सहित कई सामाजिक सरोकार साहू समाज हर गांव में मां कर्मा के नाम से पेड़ लगाकर गांव–गांव में धरती का सिंगार कर रहे हैं गौर हो साहू समाज के मटिया की दो बेटियों ने समाज का मान सम्मान बढ़ाया, जिसमें एक को वीरता पुरस्कार और दूसरी बेटी लक्ष्मी को देश के प्रधान मंत्री से सौजन्य भेंट मुलाकात कर छ ग़ का मान सम्मान बढ़ाया, वही साहू समाज के प्रत्येक घर से दान व सामाजिक सहयोग मिल रहा है, अर्जुन्दा में तहसील साहू संघ की नई और बेहतर भवन बनेगा, जो कि अंचल के लिए गौरवशाली इतिहास बनेगा।

वही इस अवसर पर आयोजन में तहसील साहू संघ उपाध्यक्ष गविंद्र साहू व देवकी साहू, संगठन सचिव विनय कुमार साहू, दिनेश्वरी साहू, महामंत्री चुकेशवर साहू, जिला प्रतिनिधि इंद्रजीत बनपेला, संगठन मंत्री पवन सोनवर्षा सहित सामाजिक वरिष्ठ प्रतिनिधि उपस्थित थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज